COVID -19 के प्रकोप को मद्देनज़र रखते हुए विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार (DWWT) सयंत्र को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु निम्नलिखित सावधानियाँ बरतना सुनिश्चित करें।

DWWTs की नियमित संचालन तथा रखरखाव प्रक्रियाओं के अतिरिक्त



संयंत्र का दौरा करने से पूर्व ध्यान रखने योग्य बातें

- पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना सुनिश्चित करें, जो कि शरीर को अच्छे से ढ़क सकें।
- अपने साथ सेनिटाइजर अवश्य रखें।
- कार्यस्थल पर जाने से पूर्व उचित **PPE** (दस्ताने, मास्क, जैकेट, गम बूट, फेस शील्ड या सेफ्टी गॉगल्स) का होना सुनिश्चित करें।
- किसी भी प्रकार का कट अथवा घाव अपशिष्ट जल के संपर्क में न आए इसके लिए आवश्यक बैंडेज की सहायता से इसे सरंक्षित करें।
- सर्दी तथा फ्लू के लक्षण होने पर कार्यस्थल पर न जाएं तथा चिकित्सकीय परामर्श लें।
- अपने हाथों को साबुन से कम से कम 20 सेकंड तक अच्छी तरह धोएं।

नोट : नियमानुसार चिकित्सकीय परामर्श के साथ पोलियो, टाइफाइड बुखार, हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस बी इत्यादि के टीके लगवाना तथा विटामीन की खुराक लेना सुनिश्चित करें।

संयंत्र की संचालन तथा रखरखाव प्रक्रियाओं के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें

- अनावश्यक वस्तुओं को न छूएं।
- किसी भी वस्तु को छूने से पहले तथा बाद में अपने हाथों को अच्छी तरह सेनिटाइज करना सुनिश्चित करें
- कार्य करते समय उचित **PPE** (दस्ताने, मास्क, जैकेट तथा फेस शील्ड या सेफ्टी गॉगल्स) पहनना सुनिश्चित करें।
- अपने हाथों से आँख, नाक और मुंह को छूने से बचें।
- कार्यस्थल पर खाना-पीना न करें।
- कार्यस्थल पर धूम्रपान करने से बचें तथा इधर - उधर ना थूकें।
- कार्य करते समय कट अथवा घाव अपशिष्ट जल के संपर्क में न आए इसके लिए वाटरप्रूफ दस्ताने का प्रयोग करना सुनिश्चित करें
- कार्यस्थल पर अपने सहकर्मियों के साथ न्यूनतम 1 मीटर की सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
- कार्यस्थल पर अपशिष्ट जल के छलकने तथा रिसाव होने की स्थिति में चूने के पाउडर का इस्तेमाल करके उसे कीटाणुरहित करें।

संयंत्र की संचालन तथा रखरखाव प्रक्रियाओं के पश्चात ध्यान रखने योग्य बातें

- काम में लिए हुए उपकरणों को वापस रखने से पूर्व अच्छी तरह से सेनिटाइज अथवा फ्यूमिगेट करें।
- अपने मास्क तथा दस्तानों का अच्छी तरह से निस्तारण करें, पुनरुपयोग की स्थिति में इन्हें अच्छी तरह गरम पानी से धो लें एवं धूप में सूखने के लिए छोड़ दें।
- गम बूट, हेलमेट तथा सेफ्टी गॉगल्स को अच्छी तरह से सेनिटाइज करके निर्धारित स्थान पर रखें।
- फ़ोन, पर्स इत्यादि को अच्छी तरह से सेनिटाइज़ करें।
- अपने हाथों को साबुन से कम से कम 20 सेकंड तक अच्छी तरह धोएं।
- उपयोग में लिए हुए कपड़ों को एकांत में धोने के लिए रखें।
- कार्यस्थल से लौटने के बाद नहाना सुनिश्चित करें।
- **MoHUA** तथा **CDC** की गाइडलाइन के अनुसार उपयोग में लिए हुए **PPE** एवं कपड़ों को नियमित रूप से 0.05% क्लोरीन सॉल्यूशन के साथ अच्छी तरह धोएं तथा धूप में सूखने के लिए छोड़ दें।

SCHOOL OF WATER AND WASTE
AAETI
Prepared by School of Water and Waste, Centre for Science and Environment